प्रकाशनार्थ

बायोटैक विभाग के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

आगरा : शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि इंजीनियरिंग के छात्रों को विषय ज्ञान के साथ–साथ इन्डस्ट्री प्रोसेस के बारे में भी दृढ रूप से जानकारी दी जाए एवं विविधताओं से भरी हुयी भारतीय संस्कृति का भी ज्ञान दिया जाए। अपने इसी प्रयास के तहत आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज, आगरा के जैव–प्रौधोगिकी विभाग के छात्रों ने करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय कृषि–खाद्य जैव प्रौधोगिकी संस्थान, मोहाली एवं माइक्रोबियल प्रौधोगिकी संस्थान, चंडीगढ़ का 5 दिवसीय भ्रमण किया। इस भ्रमण के अन्तर्गत छात्रों ने भारत सरकार द्वारा दुग्ध एवं कृषि क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न अनुसंधानों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

छात्रों ने राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान में चल रहे कार्यों को जाना एवं संस्थान के वैज्ञानिकों डा0 राजेश अग्रवाल ने छात्रों को जैव प्रौधोगिकी के माध्यम से डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्र में हो रहे शोध कार्य के बारे मे जानकारी दी।

छात्रों ने राष्ट्रीय कृषि–खाद्य जैव प्रौधोगिकी संस्थान में चल रहे शोध कार्यों को जाना, इस दौरान छात्रों ने कृषि–खादय उद्यमों की सामाजिक और प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए डिजाइनर पौधे, भविष्य के खाद्य पदार्थों के बारे में जानकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं कृषि क्षेत्र में जैव–प्रौधोगिकी के महत्व को जाना।

माइक्रोबियल प्रौधोगिकी संस्थान, चंडीगढ़ के भ्रमण से छात्रों ने आधुनिक जैविक विज्ञान एवं सूक्ष्म जीवों से सम्बधित जैव प्रौधोगिकी के क्षेत्र में संस्थान में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस भ्रमण पर छात्रों के साथ जैव–प्रौधोगिकी विभाग के शिक्षक प्रकाश कुमार मौजूद रहे।

संस्था के निदेशक प्रो. अनिल किशोर एवं विभागाध्यक्ष डा0 आर0के0 जैन ने छात्रों एवं शिक्षकों को सफल ओद्योगिक भ्रमण पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने विभाग को औद्योगिक भ्रमण आयोजित करने के लिए बधाई दी।